# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 05 जुलाई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस आईएएस अधिकारी को महाराष्ट्र का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है?

(A) नीरज के पवन

(B) राजेश कुमार मीणा

(C) जितेंद्र कुमार सोनी

(D) इनमें से कोई नही

♦महाराष्ट्र सरकार ने राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले आईएएस अफसर राजेश कुमार मीणा को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया है। राजेश कुमार मीणा 1 जुलाई से नए चीफ सेक्रेटरी के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया

♦महाराष्ट्र की अभी तक मुख्य सचिव सुजाता सौनिक के स्थान पर राजेश कुमार मीणा महाराष्ट्र के 46वें चीफ सेक्रेटरी बने हैं।

♦1988 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश कुमार मीणा राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले हैं

♦राजेश कुमार मीणा का जन्म टोंक के उनियारा गांव में हुआ था।

01. राजस्थान के किस जिले में स्थित ऐतिहासिक कांकवाड़ी फोर्ट को पर्यटन की दृष्टि विकसित कर इसे टूरिस्ट के लिए खोला जाएगा?

(A) जयपुर

(B) अलवर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ सरिस्का टाइगर रिजर्व में जंगल की सैर के साथ-साथ अब अलवर जिले के ऐतिहासिक कांकवाड़ी फोर्ट का भी भ्रमण करने को मिल सकता है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव इसकी योजना बना रहे हैं।

♦ पर्यटन के उद्देश्य से सप्ताह में दो दिन इसे खोलने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि दो से तीन करोड़ रुपए खर्च करके यह भ्रमण लायक बनाया जाएगा।

♦यह एक पहाड़ी पर स्थित है और इसका आकार गिटार जैसा है।

♦17वीं शताब्दी में आमेर के राजा जय सिंह प्रथम ने बनवाया था, लेकिन यह औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को कैद किया था

02. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में किसकी नियुक्ति नए न्यायाधीश के रूप में होगी



(A) अनुरूप सिंघी

(B) संगीता शर्मा

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान हाईकोर्ट को जल्द ही दो और नए न्यायाधीश मिलने वाले हैं। इनमें से एक नियुक्ति वकील कोटे से और एक नियुक्ति न्यायिक कोटे से होगी। इनकी नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 39 हो जाएगी।

♦सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की हाल ही में हुई बैठक में वकील कोटे से अनुरूप सिंघी और न्यायिक कोटे से संगीता शर्मा के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को की गई है।

♦केंद्र की मंजूरी के बाद उनके राष्ट्रपति भवन से नियुक्ति वारंट जारी होंगे।

03. राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने अमेरिका में चल रहे वर्ल्ड पुलिस गेम्स में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता है?



(a) कराटे
(b) शॉटपुट
(c) कुश्ती
(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने अमेरिका में चल रहे वर्ल्ड पुलिस गेम्स में शॉटपुट में गोल्ड मेडल जीता।

♦ ये वर्ल्ड पुलिस गेम्स अलाबामा स्टेट के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 7 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे हैं।

♦कचनार ने डिस्कस थ्रो में भी सिल्वर मेडल जीता है। इस तरह उन्होंने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में 2 मेडल जीते।

♦इन गेम्स के लिए राजस्थान पुलिस से कुल 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ था।

04. गुजरात की सीमा से सटे राजस्थान के चार जिलों में एक योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए की सब्सिडी के अलावा कितने रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा?

(A) 4 रुपए प्रति लीटर

(B) 2 रुपए प्रति लीटर

(C) 3 रुपए प्रति लीटर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦गुजरात की सीमा से सटे राजस्थान के चार जिलों (उदयपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर व जालोर) में यह योजना लागू की जाएगी।

♦ इसके तहत दूध पर 2 रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त बोनस

♦राज्य सीमा नीति के तहत सीमावर्ती जिलों के दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए की सब्सिडी के अलावा 2 रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा।

♦ इन जिलों में औसतन प्रतिदिन 1.75 लाख किलो दूध का उत्पादन होता है। इससे प्रदेश के 20 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों को फायदा मिलेगा।

**05. राजस्थान के किस जिले में 2-4 जुलाई तक मल्हार महोत्सव का आयोजन किया गया ?**

(a) जयपुर
(b) जोधपुर
(c) बीकानेर
(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

➥राजस्थान के जयपुर में मल्हार महोत्सव का आयोजन किया गया है,

♦जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन 2-4 जुलाई तक किया गया था

♦वर्षा ऋतु के सौंदर्य को जाहिर करने के लिए जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित मल्हार महोत्सव की शुरुआत उस्ताद अनवर हुसैन की संतूर वादन प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई

**06. हिंदी कैलेंडर के अनुसार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती कब मनाई गई?**

(a) ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया

(b) ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया

(c) ज्येष्ठ शुक्ल एकम

(d) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦भारतीय इतिहास में शौर्य, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि को 29 मई को मनाई गई।

♦यह दिन हमें उनकी असाधारण वीरता और अद्वितीय बलिदान की याद दिलाता है।

♦महाराणा प्रताप का सबसे प्रसिद्ध युद्ध 'हल्दीघाटी युद्ध' था, जो 1576 में अकबर की सेना से लड़ा गया जो अकबर नैतिक रूप से हार गया

♦अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था।

07. राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना (2020-21) की समय सीमा कब तक बढ़ाई है?

(A) वर्ष 2025-26

(B) वर्ष 2027-29

(C) वर्ष 2028-29

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡ राजस्थान में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना (2020-21) की समय सीमा वर्ष 2028-29 तक बढ़ाई गई है

♦इसमें राजस्थान सरकार स्वरोजगार के लिए महिलाओं को अनुदानयुक्त लोन उपलब्ध कराएगी, जिससे वे नया उद्यम स्थापित करने के साथ पुराने उद्यम को बढ़ा सकेंगी

♦पहली बार योजना की स्वीकृति 31 मार्च 2024 तक के लिए दी गई थी। इसके बाद योजना को 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाया गया।

♦मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना 2020-21 में शुरू हुई थी

08. राजस्थान में किस योजना के तहत नीट-2026 की तैयारी के लिए कोटा में मुफ्त कोचिंग, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी?

(A) शिक्षा संबल योजना

(B) सुनहरा भविष्य योजना

(C) नीट में जीत योजना

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के सरकारी स्कूलों के हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है शिक्षा संबल योजना. इस योजना के तहत नीट-2026 की तैयारी के लिए कोटा में मुफ्त कोचिंग, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी.

♦इस योजना के पोस्टर का विमोचन शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने किया

♦एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास और एलन करियर इंस्टीट्यूट की इस संयुक्त पहल के तहत 126 मेधावी विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी.

09. हाल ही में पीएम मोदी को किस देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है?

(a) घाना

(b) केन्या

(c) सिंगापुर

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

♦पीएम मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

♦ पीएम मोदी 2 व 3 जुलाई को पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना की यात्रा पर हैं।

♦ इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अपने देश के सर्वोच्चे पुरस्कार '"ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना"' से सम्मानित किया है।

♦ घाना की राजधानी - अक्रा


10. हाल ही में किस देश के शोधकर्ताओं ने दुनिया का पहला सिलिकॉन-लेस कंप्यूटर, 'सीएमओएस' विकसित किया है?

(a) भारत

(b) जापान

(c) अमेरिका

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦अमेरिका के शोधकर्ताओं ने दुनिया का पहला सिलिकॉन-लेस कंप्यूटर, 'सीएमओएस' विकसित किया है,

♦जो पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी की नैनोफैब्रिकेशन यूनिट में बनाया गया है।

♦यह कंप्यूटर 2डी (टू-डायमेंशनल) सामग्रियों से बना है और सीएमओएस तकनीक पर आधारित है, जो कम बिजली की खपत करता है और अधिक घटकों को समाहित कर सकता है

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार ने नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत रियल एस्टेट अपीलीय अधिकरण (RERA) अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है?**

(a) अजमेर गोपाल कृष्ण व्यास

(b) मदन गोपाल व्यास

(c) संजीव शर्मा

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine